भारतीय भूचुंबकत्व संस्थान

Indian Institute of Geomagnetism

सहायक निदेशक (राजभाषा) पद के लिए परीक्षा का पाठ्य-विवरण

परीक्षा अवधि: 1 घंटे (60 मिनट)

प्रश्नों का प्रकार: बहुविकल्पीय प्रश्न

प्रश्नों की संख्या: 50 **नकारात्मक अंकन नहीं है**	**अधिकतम अंक: 50**
अनुभाग/विषय	**विस्तृत पाठ्यक्रम**
(क) भारत सरकार की राजभाषा नीति के संवैधानिक प्रावधानों, उनके कार्यान्वयन तथा सरकारी नियमों/विनियमों में दक्षता से संबंधित प्रश्न	उम्मीदवारों की समझ और कार्यान्वयन क्षमता का आकलन। इस भाग में भारत सरकार की राजभाषा नीति को लागू करने हेतु संविधान में किए गए प्रावधानों से संबंधित विभिन्न प्रश्न, तथा सरकारी नियमों/विनियमों में उनकी दक्षता से जुड़े प्रश्न शामिल होंगे।
(ख) हिंदी से अंग्रेज़ी और इसके विपरीत अनुवाद से संबंधित प्रश्न	इस भाग के प्रश्न उम्मीदवारों की हिंदी से अंग्रेज़ी और इसके विपरीत अनुवाद करने की दक्षता का मूल्यांकन करेंगे।
(ग) नैतिकता, सरकारी नियमों/विनियमों की समझ एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न।	नीतिशास्त्र: इस भाग में पूछे जाने वाले प्रश्नों का उद्देश्य उम्मीदवारों की नैतिक जागरूकता, सत्यनिष्ठा, पेशेवर आचरण तथा प्रशासनिक एवं शैक्षणिक परिवेश में निर्णय लेने की क्षमता का मूल्यांकन करना होगा। सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्क क्षमता: इसमें मौखिक और अमौखिक, दोनों तरह के प्रश्न शामिल होंगे। इस भाग में सादृश्यता, समानताएँ, अंतर, स्थानिक दृश्य-बोध, स्थानिक अभिविन्यास, समस्या-समाधान, विश्लेषण, निर्णय-क्षमता, निर्णय-निर्माण, दृश्य-स्मृति, विभेदन, अवलोकन, संबंध-अवधारणाएँ, अंकगणितीय तर्कशक्ति, मौखिक और आकृति वर्गीकरण, अंकगणितीय संख्या-श्रृंखला, अमौखिक श्रृंखला, कोर्डिंग और डिकोडिंग, कथन-निष्कर्ष, युक्तिवाक्य (Syllogism) आदि से संबंधित प्रश्न पूछे जाएँगे। सरकारी नियमों/विनियमों में दक्षता: FR एवं SR, CCS अवकाश नियम, CCS आचरण नियम, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, आरटीआई, CCS पेंशन नियम, अनुशासन एवं सतर्कता, LTC नियम, यात्रा भत्ता (TA)/दैनिक भत्ता (DA) नियम एवं अन्य भत्ते, कार्यालय प्रक्रिया, सेवाओं में आरक्षण एवं रियायतें, प्रतिनियुक्ति, विदेशी सेवा, लियन, परिवीक्षा, पुष्टि, सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र, सामान्य वित्तीय नियम-2017 एवं 2022, GeM नियम आदि।
साक्षात्कार / व्यक्तित्व परीक्षण **साक्षात्कार के अंक – 50 अंक** लिखित परीक्षा में बैठने वाले सभी उम्मीदवारों को साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षण में भी उपस्थित होना अनिवार्य होगा, जिसके लिए 100 अंक निर्धारित हैं; और अंतिम मेरिट सूची लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षण में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी।	
कुल अंक	**100**